**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 621**

**जिसका उत्तर 28 नवम्बर, 2024 को दिया जाना है।**

**.....**

**कर्नाटक में पीएमकेएसवाई के अंतर्गत सिंचाई संबंधी उपलब्धियां**

**621. श्री श्रेयस एम. पटेल:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक में प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत विशेषकर त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) और हर खेत को पानी (एचकेकेपी) के संबंध में वर्तमान में क्या- क्या सिंचाई संबंधी उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार पीएमकेएसवाई के अंतर्गत वित्तीय आवंटन बढ़ाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पीएमकेएसवाई के अंतर्गत इसके आरंभ से अब तक कर्नाटक के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और अब तक क्या उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं;

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत कर्नाटक को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या कर्नाटक में उत्पादकता हेतु जल उपयोग दक्षता पर इस योजना के प्रभाव के संबंध में कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार और फसल-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा कर्नाटक में उक्त योजना के अंतर्गत जल प्रबंधन पद्धतियों में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए क्या तंत्र अपनाया गया है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री श्री वी. सोमण्णा**

**(क):** कर्नाटक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) और हर खेत को पानी (एचकेकेपी) के संबंध में सिंचाई उपलब्धियां **अनुलग्नक-I** में दी गई हैं ।

**(ख):** वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के विस्तार हेतु 93,068.56 करोड़ रुपये के समग्र परिव्यय को मंजूरी दी गई है, जिसमें केंद्रीय सहायता के रूप में 37,454 करोड़ रुपये, नाबार्ड से 20,434.56 करोड़ रुपये की डेट सर्विसिंग और राज्य

सरकारों द्वारा वहन किए जाने वाले राज्य के हिस्से के रूप में 35,180 करोड़ रुपये की राशी शामिल हैं।

**(ग) और (घ):** पीएमकेएसवाई के प्रारंभ से कर्नाटक के लिए निर्धारित लक्ष्य, प्राप्त उपलब्धियां और कर्नाटक को प्रदान की गई वित्तीय सहायता **अनुलग्नक-II** में दी गई है।

**(ड़):** नीति आयोग ने पीएमकेएसवाई-पीडीएमसी योजना के अपने मूल्यांकन अध्ययन (दिसंबर, 2020) में कर्नाटक में सूक्ष्म सिंचाई को अपनाने के कारण फसल उत्पादकता में 30% - 80% की वृद्धि और लगभग 50% पानी की बचत का संकेत दिया है।

**(च)**: प्राथमिकता प्राप्त एआईबीपी वित्त पोषित सिंचाई परियोजनाओं में कमान क्षेत्र विकास कार्य के लिए केंद्रीय सहायता के मार्गनिर्देशों के अनुसार, गैर-संरचनात्मक कार्यकलाप के अंतर्गत, गतिविधियों को भागीदारी सिंचाई प्रबंधन (पीआईएम) को मजबूत करने के लिए निर्देशित किया जाता है जिसमें पंजीकृत जल उपयोगकर्ता संघों (डब्ल्यूयूए) को एक बार कार्यात्मक अनुदान, जल उपयोग दक्षता, उत्पादकता में वृद्धि और भागीदारी माहौल में टिकाऊ सिंचाई के संबंध में प्रशिक्षण, प्रदर्शन और अनुकूलनीय परीक्षणों के अलावा पंजीकृत जल उपयोगकर्ता संघों को एक बार बुनियादी ढांचा अनुदान शामिल है।

*****

**अनुलग्नक -I**

**“कर्नाटक में पीएमकेएसवाई के अंतर्गत सिंचाई संबंधी उपलब्धियां” के संबंध में दिनांक 28.11.2024 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 621के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | पीएमकेएसवाई घटक | लाभान्वित जिले | सृजित सिंचाई क्षमता (जिलों में) (हेक्टेयर में) | कुल सृजित सिंचाई क्षमता (सभी जिलों में) (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भीमा लिफ्ट सिंचाई योजना | एआईबीपी | कलबुर्गी | 24,292.00 | 24,292.00 |
| 2 | करंजा सिंचाई परियोजना | एआईबीपी | बीदर | 27,266.00 | 27,266.00 |
| 3 | ऊपरी तुंगा सिंचाई परियोजना | एआईबीपी | हावेरी | 23,690.00 | 23,690.00 |
| 4 | नारायणपुर लेफ्ट बैंक कैनाल सिस्टम (एनएलबीसी) - ईआरएम परियोजना | एआईबीपी | यादगीर | 47,883.31 | 1,05,000.00 |
| | | | कलबुर्गी | 44,176.69 | |
| | | | विजयपुरा | 12,940.00 | |
| 5 | श्री रामेश्वर लिफ्ट सिंचाई योजना | एआईबीपी | बेलगावी | 1,212.00 | 1,212.00 |
| | **एआईबीपी घटक का उप योग** | | | | 1,81,460.00 |
| 6 | भीमा लिफ्ट सिंचाई योजना | एचकेकेपी - सीएडीडब्ल्यूएम | कलबुर्गी | 12,898.00 | 12,898.00 |
| 7 | करंजा सिंचाई परियोजना | एचकेकेपी - सीएडीडब्ल्यूएम | बीदर | 3,627.00 | 3,627.00 |
| 8 | ऊपरी तुंगा सिंचाई परियोजना | एचकेकेपी - सीएडीडब्ल्यूएम | हावेरी | 15,770.18 | 15,770.18 |
| 9 | श्री रामेश्वर लिफ्ट सिंचाई योजना | एचकेकेपी - सीएडीडब्ल्यूएम | बेलगावी | 10,904.50 | 10,904.50 |
| | **एचकेकेपी - सीएडीडब्ल्यूएम घटक का उप-योग** | | | | 43,199.68 |
| 10 | 138 एसएमआई परियोजनाओं का क्लस्टर | एचकेकेपी - एसएमआई | कलबुर्गी | 4,211.06 | 6,539.06 |
| | | | यादगीर | 2,328.00 | |
| | **एचकेकेपी घटक का उप-योग** | | | | 49,738.74 |
| 11 | **एचकेकेपी-जीडब्ल्यू** | एचकेकेपी-जीडब्ल्यू | - | - | एचकेकेपी-जीडब्ल्यू घटक के तहत कोई परियोजना नहीं |
| | **कुल** | | | | 2,31,198.74 |

**अनुलग्नक -II**

**"कर्नाटक में पीएमकेएसवाई के अंतर्गत सिंचाई संबंधी उपलब्धियां" के संबंध में दिनांक 28.11.2024 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 621के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

| **क्र. सं.** | **पीएमकेएसवाई घटक** | **सिंचाई का लक्ष्य (हेक्टेयर में)** | **उपलब्धियां (हेक्टेयर में)** | **वित्तीय सहायता आवंटन (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) | 1,85,208 | 1,81,460 | 1,186.63 |
| 2 | हर खेत को पानी- कमान क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन (एचकेकेपी - सीएडीडब्ल्यूएम) | 54,811 | 43,199 | 78.26 |
| 3 | हर खेत को पानी - सतही लघु सिंचाई और जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण और पुनरूद्धार (एचकेकेपी - एसएमआई और आरआरआर) | 14,320 | 6,539 | 105 |
| 4 | भूजल (जीडब्ल्यू) घटक | कर्नाटक में कोई परियोजना नहीं | | |

| **क्र. सं.** | **पीएमकेएसवाई -प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी) घटक** | **लक्ष्य (हेक्टेयर में)** | **उपलब्धियां (हेक्टेयर में)** | **पीएमकेएसवाई के तहत वित्तीय सहायता आवंटन (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सूक्ष्म सिंचाई के तहत लाया गया अतिरिक्त क्षेत्र | - | 15,82,407 | 2,509.15 |

| **क्र. सं.** | **पीएमकेएसवाई-वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी)** | **लक्ष्य (हेक्टेयर में)** | **उपलब्धियां** | **पीएमकेएसवाई के तहत वित्तीय सहायता आवंटन (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वाटरशेड विकास परियोजनाओं का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | - | 19,13,000 | 924.19 |
| 2 | जल संचयन संरचनाएं | - | 27,942 | |
| 3 | संरक्षित सिंचाई के तहत लाया गया क्षेत्र | - | 79,886 | |
| 4 | लाभान्वित किसाना | - | 3,47,000 | |

*****